प्रतिदिन 33 वां वर्ष अखबार प्रभात

## कल मुख्यमंत्री अमरावती में!

प्रतिनिधि/ प्रतिदिन अखबार

**अमरावती** - मंगलवार, 16 जून को राज्य के मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस अमरावती आ रहे हैं.



माना जा रहा है कि उनका ये दौरा स्थानीय निकाय परिषद के विधानसभा चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार प्रवीण पोटे के लिए समर्थन जुटाने के लिए आयोजित किया गया है. भाजपा के वरिष्ठ सूत्रों के मुताबिक विधान परिषद के चुनाव के दो दिन पहले यानि मंगलवार, 16 जून को राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का अमरावती दौरा तय हुआ है. इस दौरान वे पार्टी के विधान परिषद उम्मीदवार प्रवीण पोटे पाटिल का प्रचार करेंगे और महायुति के नगरसेवकों से मुलाकात करेंगे. सूत्रों का यह भी कहना है कि मुख्यमंत्री अपने दौरे में प्रवीण पोटे के चुनाव में आनेवाली संभावित दिक्कतों को दूर करेंगे और महायुति के नगरसेवकों को एकजुट रहने का संदेश देंगे.

### अस्पताल से ऑटो चोरी

**तिवसा** - तिवसा थाना क्षेत्र में पुराने सरकारी अस्पताल परिसर से एक ऑटो चोरी होने का मामला सामने आया है. शिकायतकर्ता बंडू नथ्थुजी पाठक शनिवार की शाम अपना ऑटो पुराने सरकारी दवाखाना परिसर, तिवसा में खड़ा किया और बाजार क्षेत्र में अपने काम से चले गए. करीब आधे घंटे बाद जब वे वापस लौटे तो उनका ऑटो नहीं मिला. आसपास के इलाके में वाहन की तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी. शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की.

# हर्षजीत पहुंचे ही नहीं...

**प्रचार करेंगे नहीं, लेकिन चुनावी मैदान से हटेंगे भी नहीं | अब किडनी स्टोन का फंडा... आठ दिन अस्पताल में ही मुकाम**

### कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ मतदाताओं का भी सिर चकराया

प्रतिनिधि/ प्रतिदिन अखबार

**अमरावती, 14 जून** - विधान परिषद चुनाव के संदर्भ में कांग्रेस खेमे में असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है. पार्टी के उम्मीदवार हर्षजीत देशमुख रविवार, 14 जून को अमरावती आकर प्रचार शुरू करने वाले थे. लेकिन उन्हें पेट में तकलीफ शुरू हुई और डॉक्टरों ने किडनी स्टोन होने की पुष्टि की है. किडनी स्टोन की समस्या सामने आने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें अगले आठ दिनों तक पूर्ण विश्राम की सलाह दी है. इसलिए वे प्रचार नहीं कर पाएंगे। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया है कि अधिकृत उम्मीदवार के रूप में वे चुनावी मैदान से पीछे नहीं हटेंगे. उनके इस रुख को देखकर कांग्रेस के स्थानीय पदाधिकारी और मतदाता दोनों ही असमंजस में पड़ गए हैं.



### ...और हर्षजीत आए ही नहीं

विधान परिषद चुनाव में मतदान के चार दिन पहले तक यह उम्मीद की जा रही थी कि हर्षजीत देशमुख रविवार, 14 जून तक अमरावती लौट आएंगे. इसी वजह से कांग्रेस के अन्य नेता भी उनके आने का इंतजार कर रहे थे. लेकिन सभी की उम्मीदों पर पानी फेरते हुए हर्षजीत देशमुख रविवार तक अमरावती नहीं पहुंचे.

### अब किडनी स्टोन की बीमारी


अपनी स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानकारी देते हुए हर्षजीत देशमुख ने बताया कि उनकी जांच रिपोर्ट में 11 मिमी और 6 मिमी आकार के दो किडनी स्टोन पाए गए हैं. डॉक्टरों के अनुसार फिलहाल दवाओं से उपचार शुरू किया गया है. यदि दो दिनों में दवाओं से राहत नहीं मिली तो शल्य चिकित्सा (ऑपरेशन) के माध्यम से स्टोन निकाला जाएगा. इसी कारण डॉक्टरों ने उन्हें अगले आठ दिनों तक पूर्ण आराम करने की सलाह दी है. इसके चलते वे मतदाताओं से प्रत्यक्ष मुलाकात और प्रचार अभियान में दिखाई नहीं देंगे. अब यह देखना दिलचस्प होगा कि विधान परिषद चुनाव में इस किडनी स्टोन प्रकरण का क्या असर पड़ता है.

### स्थानीय नेताओं से कोई संवाद नहीं

हर्षजीत देशमुख ने कहा कि पिछले आठ दिनों से उनका अमरावती के स्थानीय कांग्रेस नेताओं से कोई संवाद नहीं हुआ है. इतना ही नहीं, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल से भी उम्मीदवारी आवेदन भरने से पहले या बाद में, यहां तक कि अब तक भी कोई बातचीत नहीं हुई है. उन्होंने यह भी कहा कि उनका नाम जिले के सभी नेताओं ने सर्वसम्मति से प्रस्तावित किया था. इस बयान के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चा का दौर तेज हो गया है. इससे कांग्रेस पार्टी में तनाव का माहौल बन गया है. शेष पृष्ठ 10 पर

# डूबने से दो ममेरे-फुफेरे भाइयों की दर्दनाक मौत

**अधिक मास में स्नान गए थे दोनों, गहरे पानी में जाने से हुआ हादसा**



### अडाण नदी की घटना

### वाशिम के इंझोरी और अमरावती के भातकुली गांव में शोक की लहर



शुभम धोंडे



दर्शन वावगे

प्रतिनिधि/ प्रतिदिन अखबार

**वाशिम, 14 जून**- पवित्र अधिक मास के अवसर पर नदी में स्नान और तैरने गए दो सगे ममेरे-फुफेरे भाइयों की अडाण नदी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई. यह घटना रविवार 14 जून की सुबह करीब 10 बजे गोमुखेश्वर संस्थान के पास घटी. इस हादसे के बाद दोनों परिवारों और पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है. मृतकों की पहचान शुभम अमोल धोंडे (14, इंझोरी, वाशिम) और उसके बुआ के लड़के (आत्याभाई) दर्शन सुनील वावगे (20, भातकुली, अमरावती) के रूप में हुई है.

जानकारी के अनुसार अधिक मास के धार्मिक अवसर के चलते बड़ी संख्या में लोग नदी में स्नान करने पहुंच रहे थे. इसी दौरान शुभम और अमरावती से अपने रिश्तेदारों के यहां आया. दोनों दर्शन से पहले स्नान और तैरने के लिए गोमुखेश्वर संस्थान के पास स्थित अडाण नदी के पात्र में गए थे. बताया जा रहा है कि तैरते समय दोनों को नदी में मौजूद एक गहरे गड्ढे का अंदाजा नहीं लग सका और वे अचानक गहरे पानी में चले गए. देखते ही देखते दोनों डूबने लगे. नदी किनारे खेल रहे बच्चों ने जब दोनों को डूबते देखा तो शेष पृष्ठ 10 पर

### परिवार का इकलौता बेटा था शुभम

परिजनों के अनुसार मृतक शुभम अपने परिवार का इकलौता बेटा था. वह पिछले करीब एक वर्ष से आळंदी में वारकरी परंपरा से जुड़ी शिक्षा प्राप्त कर रहा था और गर्मी की छुट्टियों के कारण अपने गांव लौटा था. परिवार के साथ छुट्टियां बिताने आए दोनों युवकों की इस अचानक हुई मौत से धोंडे और वावगे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है. दो युवकों की असमय मौत की खबर फैलते ही इंझोरी और आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई. स्थानीय नागरिकों ने भी इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है.


# मोर्शी में एक ही रात कई घरों में चोरी से दहशत


**घरों के दरवाजे तोड़कर वारदात को दिया अंजाम, दापोरी और भोईपुर गांव में चोरों का आतंक, नकदी, सोना-चांदी और घरेलू सामान सहित 60 माल पार**

संवाददाता/प्रतिदिन अखबार

**मोर्शी** - मोर्शी थाना क्षेत्र में एक ही रात में कई घरों में चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया. अज्ञात चोरों ने घरों के दरवाजे तोड़कर नकदी, सोने-चांदी के आभूषण और अन्य सामान चोरी कर लिया. पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

जानकारी के अनुसार इस मामले में मंगेश राजेंद्र गावंडे (22, दापोरी, तहसील मोर्शी) ने शिकायत दर्ज कराई है. शिकायतकर्ता ने बताया कि 12 जून की रात से 13 जून की सुबह के बीच वह अपने घर में सो रहे थे. इसी दौरान





अज्ञात चोरों ने उनके घर का मुख्य दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया और 15 हजार रुपये नकद तथा लगभग 3 ग्राम वजन की चांदी की चेन चोरी कर ली. जांच के दौरान पता चला कि चोरों ने केवल एक ही घर को नहीं बल्कि गांव के अन्य घरों को भी निशाना बनाया. शिकायतकर्ता के बयान के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ सेंधमारी का मामला दर्ज किया है. पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है तथा क्षेत्र में जांच जारी है.

### गांव में अन्य घरों में भी चोरी

दापोरी गांव में ही राजेश के घर में घुसकर चोरों ने लगभग 3 ग्राम के पुराने सोने के कान के आभूषण अनुमानित कीमत 12 हजार रुपये तथा 4 ग्राम की सोने की चेन ऐसा कुल 26 हजार रुपये के आभूषण चोरी कर लिए. वहीं गांव की निवासी आशाबाई शेष पृष्ठ 10 पर

# गुटखा मुक्त बाजार की ओर बढ़ते कदम...

**तुकाराम मुंडे का पॉवर... | शहर के होलसेल बाजारों से लापता हुआ तंबाकू और गुटखा**

### कुछ ग्राहक जैसे तैसे कर रहे जुगाड़

प्रतिनिधि/ प्रतिदिन अखबार

**अमरावती, 14 जून** - राज्य में गुटखा एवं अन्य प्रतिबंधित तंबाकू उत्पादों की बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को अब बड़ा असर दिखाई देने लगा है. प्रशासनिक स्तर



पर की जा रही सख्त कार्रवाई के चलते अमरावती शहर के प्रमुख होलसेल बाजारों से पिछले दो दिनों से गुटखा लगभग पूरी तरह गायब हो गया है.

बता दें कि कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी तुकाराम मुंडे के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन, पुलिस विभाग तथा संबंधित एजेंसियों द्वारा लगातार संयुक्त कार्रवाई की जा रही है. हाल के दिनों में कई स्थानों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में करोड़ों रुपए का गुटखा और अन्य प्रतिबंधित तंबाकू उत्पाद जब्त किए गए हैं. लगातार हो रही कार्रवाई के चलते होलसेल का बाजार पूरी तरह से खत्म होने की कगार पर है. इतने बड़े स्तर पर कार्रवाई का यह डर पहली बार देखा गया है. जबकि कई ग्राहक गुटखा पाने के लिए यहां वहां अपना जुगाड़ लगाने के लिए भटकते नजर आ रहे हैं. बाजारों में बनी वर्तमान स्थिति को प्रशासन और पुलिस की सक्रिय कार्रवाई का परिणाम माना जा रहा है.



### पानठेलों पर असर, हुए शटर डाउन

शहर में छोटे-बड़े मिलाकर लगभग 4000 से अधिक पानटपरी और पान विक्रेता बताए जाते हैं. इनमें से कई दुकानों पर बिक्री पूरी तरह से ठप हो गई है. कुछ स्थानों पर दुकानें आंशिक रूप से बंद रहने की जानकारी भी सामने आई है.

### गुटखे पर लगा डबल कीमत का तड़का

स्थिति का फायदा उठाकर कुछ लोग अवैध तरीके से गुटखा ऊंची कीमत पर बेचने में जुटे हैं. जानकारी के अनुसार जहां पहले 100 रुपये का डिब्बा उपलब्ध था. वहीं अब उसे 200 रुपये तक में बेचा जा रहा है. इसके बावजूद कुछ ग्राहक अलग-अलग माध्यमों से इसे खरीदने का प्रयास कर रहे हैं. जिसके चलते गुटखा बिक्री के दामों में इन दोनों कीमतों पर डबल तड़का लगा हुआ है.

### कार्रवाई से बढ़ा डर, हटाया गया स्टॉक

लगातार कार्रवाई के बाद व्यापारियों में भय का माहौल बन गया है. कई विक्रेताओं ने संभावित कार्रवाई से बचने के लिए अपने गोदामों और दुकानों से गुटखे का स्टॉक हटा लिया है. जिन बाजारों में पहले आसानी से गुटखा उपलब्ध हो जाता था. वहां अब ग्राहक तलाश करने के बाद भी खाली हाथ लौट रहे हैं. व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों का कहना है कि लगातार छापेमारी और सख्त निगरानी के कारण गुटखे की आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई है. जिससे अवैध कारोबार को बड़ा झटका लगा है.

### बाजीराव, पान बहार- पराग हुए लापता

शहर में लंबे समय से लोकप्रिय माने जाने वाले बाजीराव, पान बहार और पान पराग शेष पृष्ठ 10 पर

### नाबालिग को झोपड़ी में बुलाकर की अश्लील हरकत

**चांदूर रेलवे** - चांदूर रेलवे थाना क्षेत्र में एक नाबालिग बालिका के साथ अशोभनीय व्यवहार किए जाने का मामला सामने आया है. शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पोक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. जानकारी के अनुसार घटना शनिवार, 13 जून को शाम लगभग 4 बजे से 4.30 बजे के बीच हुई. शिकायत में बताया गया कि पीड़िता अपने क्षेत्र में जा रही थी. इसी दौरान उसके एक रिश्तेदार ने उसे देखने के लिए आस-पास खोजबीन की. परिजनों के अनुसार उन्होंने बालिका को आरोपी की झोपड़ी की ओर जाते देखा. इसके बाद वे तत्काल वहां पहुंचे और बालिका को घर लेकर आए. बाद में बालिका ने परिजनों को बताया कि आरोपी ने उसे आवाज देकर अपनी झोपड़ी में बुलाया और उसके साथ अनुचित व्यवहार किया. जिससे वह असहज और भयभीत हो गई. इस मामले में आरोपी की पहचान प्रवीण उर्फ बाबाराव (40, मांजरी म्हसला, नांदगांव खंडेश्वर) के रूप में दर्ज की गई है.

# 47 केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई एमपीएससी परीक्षा

### 2,263 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

प्रतिनिधि/ प्रतिदिन अखबार

**अमरावती, 14 जून** - महाराष्ट्र लोकसेवा आयोग (एमपीएससी) द्वारा आयोजित महाराष्ट्र समूह-बी (अराजपत्रित) सेवा संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा-2026 रविवार को अमरावती शहर के 47 परीक्षा उपकेंद्रों पर शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई. परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक एक ही सत्र में आयोजित की गई. परीक्षा के सफल संचालन के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गई थीं तथा सभी केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे.

आयोग के अनुसार परीक्षा के लिए अमरावती शहर में कुल 13 हजार 704 अभ्यर्थियों का पंजीकरण किया गया था. इनमें से 11 हजार 408 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 2 हजार 263 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे. इस कारण बड़ी संख्या में उम्मीदवारों की गैरहाजिरी चर्चा का विषय रही.

परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए आयोग द्वारा कुल 1,550 अधिकारी एवं कर्मचारियों की नियुक्ति की गई थी. परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश प्रक्रिया को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई. आयोग के निदेर्शानुसार अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से डेढ़ घंटे पहले केंद्र पर पहुंचने तथा निर्धारित समय से एक घंटा पूर्व अपने परीक्षा कक्ष में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए थे. समय सीमा समाप्त होने के बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया गया.

ज्ञानमाता हाईस्कूल, होलीग्राम, विद्याभारती, गणेशदास राठी विद्यालय, समर्थ शेष पृष्ठ 10 पर



**एमपीएससी परीक्षा एक नजर में**

**परीक्षा** : महाराष्ट्र समूह-बी (अराजपत्रित) सेवा संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा-2026
**तिथि** : 14 जून 2026 (रविवार)
**समय** : सुबह 11 से दोपहर 12 बजे तक
**परीक्षा केंद्र** : 47
**पंजीकृत अभ्यर्थी** : 13,704
**परीक्षा में शामिल** : 11,408
**अनुपस्थित** : 2,263
**नियुक्त अधिकारी-कर्मचारी** : 1,550

### 83 प्रतिशत से अधिक रही उपस्थिति

कुल 13,704 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 11,408 ने परीक्षा दी. इस प्रकार परीक्षा में लगभग 83.24 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई, जबकि 2,263 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए.

# आज का भाव 3 लाख रुपए प्रति पार्षद

**नगरसेवकों को बंटने लगे नकद नारायण | स्थानीय निकाय विधान परिषद चुनाव में वोटों का जुगाड़ शुरू**

प्रतिनिधि/ प्रतिदिन अखबार

**अमरावती, 14 जून** - स्थानीय निकाय विधान परिषद के चुनाम में अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं. इस बीच विधान परिषद चुनाव को लेकर वोटों के जुगाड़ के लिए पार्षदों को पटाने का काम शुरू हो गया है. पुख्ता सूत्रों के मुताबिक विधान परिषद चुनाव के लिए शनिवार, 13 जून को मतदाताओं के भाव खोले गए और इसी के साथ मिठाई के डिब्बों के रूप में प्रत्येक नगरसेवक को नकद नारायण सौंपे गए. मिठाई के इन डिब्बों में 3-3 लाख रूपए दिए गए थे.



उल्लेखनीय है कि स्थानीय निकाय के विधान परिषद चुनाव में सीमित मतदाता होने के कारण उन्हें




धनबल से प्रभावित कर यह चुनाव जीतने की कोशिश हर पार्टी के उम्मीदवार की होती है. ऐसे में मतदान का समय नजदीक आते ही नगरसेवकों में नकद नारायण वितरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है.

इसी सिलसिले में दस्तूर नगर रोड स्थित एक लॉन में हाल ही में खाने-पीने की एक पार्टी का आयोजन किया गया था. सूत्रों के मुताबिक इस पार्टी में नगरसेवकों के लिए उम्दा खाना और उम्दा पीने का प्रबंध किया गया था. इलके साथ ही इस पार्टी में पहुंचे नगरसेवकों को मिठाई के डिब्बों में 3-3 लाख रूपए दिए जाने की पुख्ता जानकारी सूत्रों ने दी है. इसके साथ ही इन नगरसेवकों को एक पार्टी विशेष के उम्मीदवार को वोट देने की हिदायत दी गई.

### 3 लाख से नगरसेवक असंतुष्ट

विदित हो कि 6 वर्षों में एक बार स्थानीय निकाय के विधान परिषद के चुनाव होते हैं. इस बार तो ये चुनाव लगभग 8 वर्ष बाद हो रहे हैं. ऐसे में सिर्फ 3 लाख रुपए ही मिलने से कुछ नगरसेवक संतुष्ट नहीं हैं. उनका कहना है कि 3 लाख रुपए बहुत ही कम हैं, ऐसे में कहा जा रहा है कि इन नगरसेवकों को एक बार फिर नकद नारायण के दर्शन करवाए जाएंगे.

### बाजोरिया और हर्षजीत के नहीं होने से माहौल नीरस

सूत्रों की मानें तो विधान परिषद के चुनाव से विप्लव बाजोरिया का नामांकन रद्द हो जाने से अमरावती जिले के मतदाता काफी मायूस दिखाई दे रहे हैं. इसके साथ ही कांग्रेस के हर्षजीत देशमुख द्वारा भी स्वयं को अस्पताल में भर्ती कर लिए जाने के चलते इस बार के विधान परिषद के चुनाव काफी नीरस से दिखाई दे रहे हैं. क्योंकि यदि मैदान में खरीददार ही नहीं होंगे तो फिर नगरसेवकों को नकद नारायण के दर्शन कौन करवाएगा.

### बाजोरिया की एंट्री से नगरेसवकों के चेहरे खिले थे

सूत्रों का तो यह भी कहना है कि अमरावती के विधान परिषद चुनाव में जैसे ही विप्लव बाजोरिया ने अपना नामांकन भरा था, तभी से नगरसेवकों के चेहरे खिल गए थे. उन्हें उम्मीद थी कि इस चुनाव में उन्हें प्रचुर मात्रा में लक्ष्मी दर्शन होंगे. लेकिन नामांकन के बाद विप्लव बाजोरिया का नामांकन रद्द होने से नगरसेवकों के खिले हुए चेहरे वापस मुरझा गए थे.

### बोलेरो की टक्टर में उपचार के दौरान मौत

प्रतिनिधि/ प्रतिदिन अखबार

**अमरावती, 14 जून** - सड़क दुर्घटना में घायल हुए एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई. मृतक की पहचान गजानन लक्ष्मण वसू (25, आसेगांव पूर्णा) के रूप में हुई है.



मृतक अपने परिचितों के साथ बोलेरो वाहन में पीछे की सीट पर बैठकर जा रहे थे. इसी दौरान वायगांव फाटा के पास वाहन में तकनीकी समस्या उत्पन्न होने और सीट का हिस्सा टूटने के बाद वाहन के पलटने की घटना हुई. दुर्घटना में मृतक को शरीर के पिछले हिस्से में गंभीर चोटें आई उन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई. वलगांव पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

